हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 18 दिसंबर 2023

06 प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा की सूचना ...




08 गैस एजेंसियों पर ई-केवायसी कराने लग ...





## खबर संक्षेप

### राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव 19 से 21 दिसंबर तक

सीहोर। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 19 से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय ₹बालरंग₹ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने बताया कि ₹राज्यस्तरीय बालरंग₹ में प्रदेश के सभी संभागों से लगभग 1000 छात्र-छात्राएं एवं ₹राष्ट्रीय बालरंग₹ में विभिन्न राज्यों के लगभग 500 छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। इस वर्ष बालरंग महोत्सव की थीम ₹आत्मनिर्भर भारत₹ होगी, जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राएं अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान आदि को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित करेंगे। राष्ट्रीय बालरंग में उत्कृष्ट लोकनृत्य के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त नृतक दलों को पुरस्कृत किया जाएगा। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने बताया कि राज्यस्तरीय बालरंग में सांस्कृतिक, साहित्यिक, योग, संस्कृत, निशक्तजन एवं मदरसा प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय लोक नृत्य, लघु भारत प्रदर्शनी, विद्यार्थियों द्वारा निर्मित क्रिएटिव क्राफ्ट, गतिविधि आधारित प्रदर्शनी एवं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न जिलों एवं राज्यों के खाद्य पदार्थ (फूड जोन) की प्रदर्शनी और अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

### इंदौर-भोपाल हाइवे, सीहोर-इछावर रोड के किनारे काटी जा रहीं अवैध कॉलोनियां, प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

# अवैध कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद, विगत छह माह में अवैध कॉलोनियां हो गई दोगुनी

**श्यामपुर मुख्यालय पर अवैध कॉलोनियों में होने वाली समस्याओं को देखते हुए एसडीएम ने अवैध प्लॉट काटने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ करीब पांच साल पहले मुहिम की शुरुआत की थी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र में जगह-जगह पर लगातार अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। पिछले छह माह से अवैध कॉलोनियों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है, लेकिन कई कॉलोनाइजरों ने कॉलोनी काटने के लिए सरकार से अनुमति अनुमति लेने की जरूरत महसूस नहीं समझी। वहीं स्थानीय प्रशासन इस मामले में जानकर भी अंजान बना हुआ है। सीहोर के अलावा श्यामपुर और दोराहा तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। श्यामपुर में सालों पहले कॉलोनाइजरों की जांच के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन इस पर अब तक न तो जांच की गई और न ही कोई कार्रवाई की गई, जबकि श्यामपुर व दोराहा जोड़ के चारों ओर अवैध कॉलोनियां कॉलोनाइजरों द्वारा काटी जा रही हैं।

श्यामपुर मुख्यालय पर अवैध कॉलोनियों में होने वाली समस्याओं को देखते हुए एसडीएम ने अवैध प्लॉट काटने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ करीब पांच साल पहले मुहिम की शुरुआत की। थी। इस दौरान तत्कालीन एसडीएम ने तहसीलदार को आदेशित किया था कि अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर एफआईआर कर सभी प्लाटों के अंतरण निरस्त किए जाएं, लेकिन इन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार अवैध कॉलोनियां काटते जा रहे हैं।



**बुनियादी समस्याओं से जूझते कॉलोनी के लोग :** श्यामपुर और दोराहा के आसपास हाइवे किनारे स्थित खेतों की जमीन पर बिना नियम कानून के प्लाट काटकर कॉलोनियां काटने का काम किया जा रहा है। इस पर अभी तक प्रशासन ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। इससे कॉलोनाइजरों के हौसले ओर बुलंद हो रहे हैं। देखते ही देखते कस्बा के चारों ओर अवैध कॉलोनियों का जाल फैल गया है। कॉलोनाइजरों के प्रलोभनों में आकर जिन्होंने यहां मकान बनाकर रहना शुरू कर दिया है, उन्हें अब कई मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इन कॉलोनाइजरों को प्रशासन नोटिस देने की औपचारिकता निभा चुका है। इसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

#### मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से तरसे लोग

क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में कॉलोनाइजरों द्वारा किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा नहीं दी जा रही है। इन कॉलोनियों में न तो बारिश के पानी के निकासी के लिए नाली का प्रबंध किया गया है ना ही लाइट और पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। जबकि नियम अनुसार कॉलोनियों में कॉलोनाइजरों को पीने के पानी, रोशनी के लिए लाइट, सड़क, बारिश के पानी निकासी के लिए नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहिए। इसके अलावा कॉलोनाइजरों को जमीन पर प्लॉट काटने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होती है, लेकिन क्षेत्र के अधिकांश कॉलोनाइजर कॉलोनी काटने के लिए प्रशासन से अनुमति लेने की जरूरत महसूस ही नहीं कर रहे हैं।

#### लोगों को रात में निकलने में होती है परेशानी

इन अवैध कॉलोनियों में जिन लोगों ने प्लॉट लेकर मकान बना लिए हैं उनको बिजली की व्यवस्था न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अपने घरों में उजाला करने के लिए लंबी दूरी से केवल खींचकर घर में उजाला कर रहे हैं। वहीं कॉलोनियों में लाइट के ना होने से लोगों को अंधेरे में आना जाना करना पड़ता है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## राज्य सेवा और राज्य वन सेवा की परीक्षा के लिए सीहोर में बनाए गए 8 परीक्षा केंद्र

### प्रथम सत्र में 2039 व द्वितीय सत्र में 2014 परीक्षार्थी हुए शामिल



**सीहोर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारभिक परीक्षा-2023 का आयोजन जिला मुख्यालय पर 17 दिसम्बर 2023 को किया गया। जिला मुख्यालय के 08 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं दो पारियों में आयोजित की गई।

परीक्षा संबंधी जानकारी देते हुए एमपीपीएससी परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष शर्मा ने बताया कि सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हुई। निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा के समय समस्त परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। परीक्षा केन्द्रों का मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा नियुक्त किए गए संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस श्री बी.आर.नायडू द्वारा लगातार निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया गया।

**दो सत्रों में आयोजित हुई परीक्षा:** डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि एमपीपीएससी की परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से 12:000 बजे तक दोपहर की पाली में परीक्षा 2:15 से 4:15 तक आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 5188 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें प्रथम सत्र में 2039 परीक्षार्थी उपस्थित हुए एवं 555 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय सत्र में 2014 परीक्षार्थी उपस्थित हुए एवं 580 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## सीहोर जिले में 5 साल की बच्ची से ज्यादती स्कूल वैन में ड्राइवर ने की बच्ची से छेड़छाड़ दोनों मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** जिले के भेरूंदा में स्कूल वैन में बच्ची के साथ 4 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ की गई। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना 13 दिसंबर की शाम की है। जब पहली की छात्रा स्कूल वैन में अपने गांव जा रही थी, तब वैन चालक ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। बच्ची ने यह बात घर जाकर अपने माता-पिता को बताई तो पिता ने इसकी शिकायत आकर के भेरुंदा थाने में की है। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। बच्ची शास्त्री कॉलोनी में मृणांचल गर्ल्स स्कूल में कक्षा पहली की छात्रा है।

मामले में थाना प्रभारी गिरीश दुबे का सिर्फ इतना कहना है कि उनके पास जानकारी नहीं है मामले को महिला सेल देख रही है।

#### 5 साल की बच्ची से ज्यादती का आरोप

वहीं श्यामपुर क्षेत्र में 5 साल की बच्ची के साथ ज्यादती का मामला सामने आया है। इस संबंध में श्यामपुर थाना प्रभारी आरएन मालवीय का कहना है कि मामले में हमें जानकारी नहीं है एसडीओपी द्वारा जांच की जा रही है। सिर्फ इतना ही पता है कि 5 साल की बच्ची के साथ 13 दिसंबर को ज्यादती हुआ है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्ची अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है, इस संबंध में एसडीओपी पूजा शर्मा का कहना है कि मामला छोटी बच्ची से जुड़ा हुआ है इसलिए घटनास्थल और आरोपी का नाम नहीं बता सकते हैं।

## पुल की रेलिंग अधूरी, हादसों का बना खतरा



**सीहोर।** नगर में कई साल पुराने पुल बने हुए हैं। इनकी मरम्मत भी सालों से नहीं हो सकी है। कई पुल ऐसे हैं जिनकी सालों से रेलिंग नहीं है। पुलों पर रेलिंग नहीं होने से कई हादसे हो चुके हैं।

दूल्हा बादशाह के पास जो पुलिया है उसकी कुछ हिस्से की रेलिंग ही नहीं है। इससे वाहन चालकों के गिरने का खतरा बना हुआ है जबकि इस रेलिंग पर बहुत कम खर्च आने वाला है। बिना रेलिंग के पुल और टूटी हुई रेलिंग के कारण जिलेभर में पिछले 10 महीनों में करीब आधा दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी इनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। गणेश मंदिर रोड से इंदौर नाका की तरफ जाने वाले रोड पर बने करबला पुल पर भी रेलिंग नहीं है। जबकि यहां पर कई हादसे हो चुके हैं। इसी तरह अंबड नदी और दोराहा पुल से गेहूं और चावल से भरा ट्रक पुल से नीचे गिर गया था।

पुराने पुल हो रहे जर्जर जिलेभर में जर्जर और बिना रेलिंग के पुलों पर कई हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी संबंधित विभाग मरम्मत का कार्य नहीं करा रहे हैं, साथ ही कई साल पुराने पुलों पर अभी भी रेलिंग का निर्माण नहीं हो सका है। शहर की बात करें तो बकरी पुल, मछली पुल, करबला पुल से प्रतिदिन छोटे-बड़े पांच हजार से अधिक वाहन निकलते हैं। यहां प्रतिदिन वाहनों का दबाव अधिक रहता है। इसके बाद भी जिम्मेदार इन रेलिंग को नहीं लगा पा रही है।

## प्रेक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**सीहोर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा सीहोर के 8 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। यह परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की गई। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा सीहोर जिले में परीक्षा के लिए नियुक्त किए गए संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस श्री बीआर नायडू ने परीक्षा के पूर्व अनेक परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाएं देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश केन्द्राध्यक्षों को दिए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर बैठक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

## निकाय उप चुनाव के प्रभारी बने इंजिनीयर कृष्ण पाल बघेल




**सीहोर।** निकायों में होने वाले उप चुनाव को लेकर प्रभारियों की नियुक्तिया आम आदमी पार्टी ने की है। प्रदेश की 17 निकायों में उप चुनाव की प्रक्रिया 15 दिसंबर से शुरू हो रही है। नाम निर्देशन पत्र 22 दिसंबर तक जमा होंगे। इस को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने प्रदेश की 17 निकायों में प्रभारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस के तहत आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष, सिंगरोली महापौर रानी अग्रवाल ने भोपाल नगर पालिका निगम का प्रभारी इंजिनीयर कृष्णपाल सिंह बघेल को बनाया है। श्री बघेल भोपाल में होने वाले उप चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी की चयन प्रकिया में शामिल होकर चुनाव जिताने का कार्य करेंगे। श्री इंजिनीयर की नियुक्ति पर प्रदेश सहित सीहोर जिले के आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## कलेक्ट्रेट के पीछे कचरे का ढेर, नहीं होती सफाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट के पीछे कचरा फैला हुआ है। यह काफी समय से यहां पर दिखाई दे रहा है लेकिन इसकी सफाई नहीं हो पा रही है। यहां पास में कर्मचारी व बाहर से आने वाले लोग अपने वाहन भी खड़ा कर रहे हैं।

इस भवन के पीछे जहां पर कचरा फैला है, वहां से ही रोड है। कलेक्ट्रेट गेट से जो भी अंदर आता है और उसे जिला पंचायत या डीपीसी कार्यालय जाना है तो उसे इस पीछे वाले मार्ग से होकर ही जाना होता है। हर रोज यहां से कई जिम्मेदार भी गुजरते हैं लेकिन इसके बाद भी सफाई नहीं हो पा रही है। यहां काफी झाड़ियां भी हो रही हैं इनकी भी सफाई नहीं हुई है। यही हालत सीटू नाले की है। इसमें भी लोग कचरा फेंक देते हैं। हालांकि नगर पालिका ने कुछ समय पहले सीटू नाले पर पड़ने वाले पुलों के दोनों तरफ जाली लगा थी ताकि कोई कचरा नीचे ना डाल सके। फिर भी लो ग पॉलीथिन में कचरा भरकर ऊपर से फेंक देते हैं। नगर पालिका हर क्षेत्र के लिए कचरा वाहन चला रही है। लोगों से कहा जा रहा है कि वे अपने घरों का कचरा इन वाहनों में डालें।



### यात्रा के दौरान लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। यह यात्रा 17 दिसम्बर को जिले की अनेक ग्राम पंचायतों से निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत रायपुरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक सुदेश राय शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए छूटे हुए हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जा रहा है। इस दौरान स्टॉल




लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ भी दिया जा रहा है।

भैरून्दा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में एसडीएम एमएस रघुवंशी, जनपद सीईओ प्रबल अजारिया तथा आष्टा में आयोजित यात्रा में एसडीएम आनन्द सिंह राजावत, जनपद सीईओ अमित व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा 17 दिसम्बर को भैरून्दा जनपद की ग्राम पंचायत महागांव कदीम, इछावर जनपद की भाऊखेडी एवं नरसिंहखेड़ा, आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत जसमत, पगारिया हाट, बापचा बरामद, नौगां, तथा सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत रायपुरा मुंगावली, सेमरादांगी में निकाली गई। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अनेक ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए 25 तक आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** शासन द्वारा मत्स्यपालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना संचालित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए 25 दिसंबर तक आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मछली पालन का काम करने वाले लोगों को शासन की ओर से योजना लागत व्यय का 40 एवं 60 फीसदी तक अनुदान दिया जाएगा।

मत्स्योद्योग के सहायक संचालक प्रियंक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण, मत्स्यबीज उत्पादन हेचरी, मत्स्यबीज प्रक्षेत्र, बायोफ्लॉक पोण्ड निर्माण, फिशफीड मिल, मत्स्य कियोस्क निर्माण, आईसप्लांट निर्माण, केज, रेफ्रिजिरेटिव व्हीकल, मोटर साईकिल/ऑटोरिक्शा के लिए अनुदान की पात्रता है। इसके लिए आवेदक 25 दिसंबर तक आवेदन मत्स्य विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जिले के मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े कृषकों, युवा उद्यमियों और महिला वर्ग के हितग्राहियों को अनुदान दिया जाता है।

इसमें महिला और अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को 60 प्रतिशत एवं सामान्य वर्ग के पुरूष हितग्राहियों को 40 प्रतिशत अनुदान की पात्रता है। आवेदक स्वयं का व्यय करके या बैंक से ऋण लेकर योजना का निर्माण या क्रियान्वयन कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा में आज निकलेगी आभार रैली



**हाटपिपल्या।** विधानसभा क्षेत्र हाटपिपल्या में आज आभार रैली और भारत विकसित यात्रा निकाली जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक मनोज चौधरी आज सुबह 10:00 बजे राजोदा गांव से क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने रैली के रूप में अपने समर्थकों के साथ निकलेंगे। चौधरी मतदाताओं का आभार व्यक्त करेंगे। साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचायेगे। रैली दोपहर 2:00 बजे नगर हाटपिपल्या पहुंचेगी, जहां गीता भवन से रैली प्रारंभ होगी जो देवगढ़ चौराहा होते हुए नेवरी बागली मार्ग बजरंग चौराहा से नेताजी सुभाष मार्ग, महावीर मार्ग, महाकाल मार्ग से पुराना बस स्टैंड होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर पहुचेंगी। जंहा पर रैली का समापन होगा। आभार रैली एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर में करीब 50 मंचो से स्वागत किया जाएगा।

### भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न

**देवास।** भारतीय किसान संघ देवास तहसील की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता बहादुर सिंह ने की। बैठक आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य तहसील में ज्यादा से ज्यादा किसानों को संघ की सदस्यता दिलाई जाने एवं ग्रामीण समितियों का गठन करने पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान का पहला चरण 15 दिसंबर से 30 दिसम्बर व दूसरा चरण 31 दिसंबर से 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। जिसमें किसान संघ सदस्य प्रत्येक गांव तक पहुंचेंगे।

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का जिलास्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

# प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा की सूचना शिक्षा-संचार वैन को विधायक पवार ने दिखाई हरी झंडी





### जिला स्तरीय कार्यक्रम में देवास विधायक पवार ने आईईसी वैन को हरी झंडी दिखाई विभिन्न विभागों ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश सहित जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ का शुभारम्भ किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम देवास में ईटावा बस स्टैण्ड उज्जैन-देवास रोड पर आयोजित हुआ। ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्लैग ऑफ कर किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने जिले की समस्त आईईसी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजना के हिताग्राहियों को हितलाभ के प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया। जिले में ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कार्यक्रम 17 दिसम्बर से प्रारम्भ होंगे। जिला स्तरीय




कार्यक्रम में विधायक गायत्री राजे पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, दुर्गेश अग्रवाल, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा, एसडीएम बिहारी सिंह, भरत चौधरी,ओम जोशी, मनीष सेन, धर्मेंद्रसिंह बैस, गणेश पटेल, मनीष सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में हितग्राहीगण उपस्थित थे।

जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' पंचायत एवं वार्ड स्तर निकाली जायेगी। जिसमें सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं लाभ दिलाया जायेगा। ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी, ब्लॉक स्तर के अधिकारी, विभाग-वार कर्मचारी और शहरी निकायों में अभियान के समन्वय के लिए समितियों का गठन किया गया है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' शहरी



और ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवायेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रमुख उददेश्य क्षेत्र प्रचार की गतिविधियों आम नागरिकों में योजनाओं के प्रति जागरूकता लाना है।

सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच बनाना जो किन्हीं कारणों से इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं। केन्द्र की योजनाओं के संबंध में जानकारी का प्रसार करना एवं नागरिकों और लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध उनके अनुभव जानना है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जायेगी। ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामत्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलाइजर शामिल हैं।

साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विदयालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जायेगा।प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राजस्व विभाग, वित्तीय विभाग(बैंकिंग क्षेत्र), स्व सहायता समूह , आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन का स्टॉल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेला, खाद्य विभाग, महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाया था।

## कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने पर पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवास ने ग्राम टिगरिया छोटा में पदस्थ पटवारी अभिषेक पटेल को अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय देवास में रहेगा तथा निलंबन काल में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम टिगरिया छोटा तहसील देवास के भ्रमण के समय ग्रामीणों में कलेक्टर ऋषव गुप्ता को बताया था कि पटवारी अभिषेक पटेल द्वारा फौती नामान्तरण पी.एम. किसान सम्मान निधि सहित राजस्व संबंधी कार्य नही किए जाते है, ग्राम में नियमित उपस्थित भी नही रहते है। जिस पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने ग्राम टिगरिया छोटा में पदस्थ पटवारी अभिषेक पटेल को निलम्बित करने के आदेश दिये थे।

## राष्ट्रीय स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने दिए कई महत्वपूर्ण टिप्स

**सीहोर।** रविवार को स्थानीय क्रिसेंट रिसोर्ट के लीजा हॉल में मेंटर्नल फीटल मेडिसिन की कान्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें 9 विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न बीमारियों का जच्चा-बच्चा के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है, इस पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर जिले भर से लगभग 100 डॉक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय एवं जिलाधीश प्रवीण सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सुदेश राय द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से डॉक्टरों को नई जानकारियाँ मिलती है। जिलाधीश महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुगल पर ध्यान ना देकर मरीज को



डॉक्टर की सलाह मानना चाहिये। डॉक्टरों को भी दुरस्त क्षेत्रों में जाकर काउन्सलिंग कर मरीज के डर को दूर करना चाहिये। स्वागत भाषण चैयरमेन डॉ.हीरा दलोद्रिया द्वारा दिया गया व आभार ऑर्गनाईजिंग सेकेटरी डॉ.आर.के.वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर डेहरिया, पूर्व सिविल सर्जन डॉ.भरत आर्य, सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता, डॉ.व्ही.के.चतुर्वेदी, डॉ.विवेक सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में आशीष पटेल का भी विशेष सहयोग रहा।

## चापडा में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बजरंग सेना द्वारा शनिवार को ऋणमुक्तेश्वर धर्म शाला चापड़ा में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बजरंग सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया, बजरंग सेना राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन शर्मा, बजरंग सेना प्रदेश अध्यक्ष अमरीश राय, प्रशासनिक प्रदेश महामंत्री राजू बजरंगी , लेबर कॉन्टैक्ट महामंत्री शंकर वाकोडे , इंदौर जिला मंत्री कान्हा, विशेष अतिथि के रूप में चापड़ा ग्राम पहुंचे मोहित जाट के द्वारा हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। वहीं पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित जाट को देवास जिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मोहित जाट को जिला अध्यक्ष बनाया गया तो उन्होंने बाकी टीम के नाम भी बजरंग सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया को दिए और नियुक्तियां करवाई। जिला महामंत्री सीरिया राणावत, जिला उपाध्यक्ष विकास धनगर, जिला मंत्री निलेश राजपूत, तहसील अध्यक्ष खुशी मेहता, तहसील अध्यक्ष पंकज राव ,को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बजरंग सेवा परिवार की ओर से स्वागत किया गया।

### विवाह व कथा की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**देवास।** श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ एवं निःशुल्क कन्याओं का भव्य विवाह समारोह प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिलीप अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार द्वारा होने जा रहा है। उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक रखी गई। समिति के घनश्याम मोदी एवं रूख्मणि परमार ने बताया कि 25 से 31 दिसम्बर तक पुराने पुल के पास, ज्योति कालोनी, क्षिप्रा में होने वाले ज्ञान यज्ञ कथावाचक मोहित नागर के श्रीमुख से होगा।

## जीडीसी महाविद्यालय में विज्ञान और प्रोद्योगिकी पर परिचर्चा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में विज्ञान और प्रोद्योगिकी पर परिचर्चा का आयोजन किया गया । कायर्क्रम का शुभारंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. भारतसिंह गोयल ने मुख्य अतिथि मनीष खत्री का पुष्पमाला से स्वागत किया। प्राचार्य डॉ भारत सिंह गोयल ने छात्राओं को विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के महत्व को बताया। मनीष खत्री ने अपने वक्तव्य में विज्ञान और प्रोद्योगिकी पर विस्तृत रूप से छात्राओं जानकारी प्रदान की। आपने ने इ साईन ,इ मेल ,साइबर क्राइम ,साइबर सेकोरिटी एवं विकसित भारत 2047 आईडिया के क्विज की जानकारी भी छात्राओं को दी। कायर्क्रम का संचालन प्रो .प्रमोद परिहार ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वंदना मिश्रा, डॉ.उज्ज्वला बाबर, प्रो.चारुशीला भोसले, राजीव कुमार साहू, वर्षा गोले, दीपनवीता गांगुली, प्रीती तगाया, नेहा बघेल, प्रमोद परिहार, विभा चौरसिया, अंजली वर्मा, डॉ. शरद वर्मा, डॉ. वर्षा जायसवाल, डॉ. सुभाष कुमार गुहा, मनीष दुबे, राम सितम साकेत, संतोष पटेल, धर्मेन्द्र दडिंग, सुखदा पुराणिक, रितेश शर्मा, रवि भाटी, अल्पना कुशवाहा, एस.के व्यास, अजय वर्मा, रघुनाथ मालवीय, अभय तवर, कमल किशोर, विजय योगी का सराहनीय सहयोग रहा।।

**बकरी चराने गई महिला व युवक की कुए में डूबने से मौत** हाटपीपल्या। शनिवार को बकरियां चराने गई एक महिला एवं एक युवक की कुए में डूबने से मौत हो गई। जिससे ग्राम जामनिया में शोक छा गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जामनिया निवासी कान्ताबाई पति ताराचन्द मालवीय (35) व उनका पडोसी राजपाल पिता सिद्धूलाल (24) दोनो अपनी अपनी बकरियां चराने गए थे। दोपहर करीब पौने एक बजे बकरियां घर आ गई और बकरी चराने वाले नही आए तो उनकी तलाश की गई। ग्राम भेरूपुरा में बलवंतसिह के खेत पर स्थित कुए के बाहर राजपाल को मोबाईल, घडी व चप्पल दिखाई दी।उस समय बकरी का बच्चा पानी में तैर रहा था। जिससे अंदेशा होने पर परिजनों एवं ग्रामीणो ने कुए में तलाश की और कांताबाई व राजपाल को कुए से निकाला तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

### रोटरी क्लब के तत्वावधान में लगाया जाएगा छह दिवसीय शिविर

## एक्यूप्रेशर चिकित्सा भारतीय संस्कृति की धरोहरः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के तहसील चौहारे स्थित रोटरी क्लब सीहोर के तत्वावधान में रविवार को एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग एवं ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर राजस्थान द्वारा छह दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

रविवार की सुबह एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग एवं ट्रीटमेंट छह दिवसीय शिविर का रोटरी क्लब के अध्यक्ष समाजसेवी भारत गुप्ता ने शुभारंभ करते हुए कहा कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा भारतीय संस्कृति की धरोहर है, इसके नियमित अभ्यास से रोग ठीक होते है। इस चिकित्सा के द्वारा गठिया, सर्वाइकल, मोटापा, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, बवासीर, लिकोरिया, स्लिप डिक्स सर्वाइकल आदि जैसी अनेक बीमारियों का सफल इलाज



एक्यूप्रेशर पद्धति से किया जाता है। भारत की प्राचीन पद्धति एक्यूप्रेशर की खोज आज से 600 वर्ष पुरानी पद्धति का आज भी उतना ही क्रेज है।

रविवार को आयोजित शिविर के पहले दिन रोटरी क्लब सीहोर के तत्वाधान में आयोजित छह दिवसीय शिविर का डॉ. कैलाश अग्रवाल के आतिथ्य में शुभारंभ किया गया था। इस मौके पर एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग एवं ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर राजस्थान की टीम के अलावा क्लब की ओर से शैलेन्द्र श्रीवास्तव, कपिल अग्रवाल, अमित निगोदिया, हरीश शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, जॉली कुरियन, अमित सोनी, डॉ. गट्टानी आदि शामिल थे।

रोटरी क्लब सीहोर के अध्यक्ष भारत गुप्ता ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर में रजिस्ट्रेशन के बाद इलाज फ्री किया जाएगा। सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे और दोपहर साढ़े तीन बजे से रात्रि सात बजे तक शिविर लगाया जाएगा। रविवार से लगाया जाने वाला यह शिविर आगामी 22 दिसंबर तक लगाया जाएगा।

## मप्र पेंशनर्स समाज ने मनाया राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस




**सीहोर।** वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में मप्र पेंशनर्स समाज के द्वारा रविवार, 17 दिसम्बर को तहसील परिसर स्थित म.प्र.पेंशनर्स समाज कार्यालय में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजन अर्चन कर किया गया। इस मौके पर जिसमें वरिष्ठ पेंशनरगणों का सम्मान किया गया। उक्त गरिमामय अवसर पर एल.एस.सेन, लखन सेन, के.एस.खाण्डे, जुनजानीजी, दिनेश जोशी, मुवीन खान, गुलाब सिंह ठाकुर, नर्बदा प्रसाद, गोपाल अग्रवाल, दिनेश तिवारी, रमेश शर्मा के द्वारा डॉ.साधुराम शर्मा, राममूर्ति शर्मा, डॉ.नायर, पं.वासूदेव मिश्रा, के.एल.बैरागी उप प्रांतअध्यक्ष का शॉल श्रीफल एवं पुष्पहारों से सम्मान करते हुए सभी को वरिष्ठ नागरिक दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए उनके उच्च जीवन एवं दीर्घायू की कामना की गई। साथ ही सभी पेंशनरों की समस्याऐं सुनी गई एवं आगामी कार्ययोजना हेतु भूमिका तैयार की गई।

## सांसद, विधायकगणों ने दिखाई विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथों को हरी झंडी

# सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं ने मजबूर व्यक्ति को बनाया 'मजबूत' : सांसद






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से विकसित भारत के संकल्प की परिकल्पना साकार हो रही है। उनके सपनों को भारत साकार हो रहा है। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में जिले के विकास की उड़ान को भी पंख लगे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से मजबूर व्यक्ति को मजबूत बनाया गया है। यह बात जिला मुख्यालय पर आयोजित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाने आए सांसद रोडमल नागर ने कही।

उन्होंने कहा कि अब हर व्यक्ति विकास से जुड रहा है। राजगढ़ जिले के विकास में अनेक आयाम जुड़े हैं। जिले के हर खेत में पानी पहुंचाने का कार्य भी प्रगति पर है। विकसित भारत का संकल्प लेकर यह यात्रा प्रारंभ की जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की विकास की भावना का जन-जन तक संदेश पहुंचे, ऐसे प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उपरोक्त यात्रा का जिले की 622 ग्राम पंचायतों एवं 14 नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण किया जाना प्रस्तावित है। गांवों में यह यात्रा 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक संचालित होगी। नगरीय क्षेत्रों में यह यात्रा 20 दिसम्बर से प्रारंभ होगी। यात्रा के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय एवं जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समितियों का गठन किया गया है। रूट चार्ट तैयार किया जाकर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

### कन्या पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

*कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन से की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के वर्चुअल शुभारंभ, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से किए गए संवाद एवं यात्रा के शुभारंभ पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। जिसका उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण योजना के हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बैंक लिंकेज की राशि प्रदान की गई।*

### मौजूद रहे सांसद, विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि, दिखाई हरी झंडी

*शनिवार को जिला मुख्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिती में सांसद रोडमल नागर राजगढ विधायक अमरसिंह यादव, विधायक खिलचीपुर हजारी लाल दांगी, विधायक सारंगपुर गौतम टेटवाल, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, जनपद अध्यक्ष फूल सिंह तंवर सहित बडी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।*

### बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में बरती जा रही लापरवाही

## समय से पूर्व ही घर चले जाते हैं आरबीएसके दल, बीएमओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

छोटे बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े हुए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(आरबीएसके) के कार्य में आरबीएसके की टीमों द्वारा लापरवाहियां बरती जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जब खुजनेर ब्लॉक में आरबीएसके टीमों के कार्यों की समीक्षा की तो मालूम हुआ कि ये टीमे सौंपे गए कार्यों का सफलतापूर्वक निवर्हन नहीं कर रहे हैं। खुजनेर की आरबीएसके टीमें निर्धारित समय के पूर्व ही अपने घर को चली जाती हैं। इस लापरवाही पर सीएमएचओ ने खुजनेर के खंड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में उल्लेख है कि आरबीएसके के चिकित्सक निर्धारित गणवेश (एप्रिन) भी नहीं पहनते हैं। इसके साथ ही दल में शामिल संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी निर्धारित यूनीफार्म पहनकर कार्य नहीं करती हैं। खुजनेर बीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन आरबीएसके टीमों के कार्य का सतत निरीक्षण करेंगे। कमी पाए जाने पर सीएमएचओ को सूचित करने का उल्लेख नोटिस में किया गया है।


एक्सीडेंट पीड़ित एएनएम 3 महीने से हो रही परेशान, नहीं मिल रहा वेतन
खुजनेर बीएमओ व बीपीएम बोले सिंदुरिया फील्ड पर, सीएचओ ने किया इंकार

खबर का असर

### यह काम करती हैं आरबीएसके टीमें

आरबीएसके टीमें 2 आयुष चिकित्सक, एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एक फार्मासिस्ट रहते हैं। इस टीम को गांव में प्रतिदिन निर्धारित निर्धारित माइक्रो प्लान के अनुसार गांव एवं आंगनवाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करना होता है। एसएनसीयू से डिस्चार्ज बच्चों के स्वास्थ्य का फालोअप भी टीम को ही करना है। इसके साथ ही प्रसव केंद्रों में जन्मजात विक्रती वाले बच्चों की जानकारी एकत्रित करना होता है। इस कार्य के लिए टीम को एक वाहन भी उपलब्ध करवाया गया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी बने जैन



**सारंगपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए अभा महामंत्री सुनिल बंसल, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की सहमति से एवं जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने राजगढ़ के लिए भाजपा नेता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष निर्मल जैन को प्रभारी मनोनित किया है। जिलाध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि जिले के लिए 9 प्रचार रथ आ गए हैं जो जिले की प्रत्येक पंचायत तथा नगरीय निकाय के सभी वार्डो में शासन की योजनाओं का प्रचार कर योजनाओ से वंचित अन्य हितग्राहियों को लाभ भी दिलाया जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर अधिक से अधिक शासन की योजनाओं का लाभ जन सामान्य को मिले इसके लिए कृत संकल्पित हैं। जैन को जिला प्रभारी बनाए जाने पर सांसद रोडमल नागर, विधायक गौतम टेटवाल, मोहन शर्मा, नारायण सिंह पंवार, हजारीलाल दांगी, अमरसिंह यादव ने बधाई दी।

## जीएसटी ग्रुप ने स्कूली बच्चों को ठंड से बचने के लिए वितरित किए टोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट ग्रुप जीएसटी द्वारा पिछले दिनो ईसागढ तहसील के कई पिछडे ग्रामो मे निवासरत ग्रामीणो को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपडो का वितरण किया गया था। उसके बाद शहर के स्कूल मे अध्ययनरत छात्र छात्राओ को ठंड से बचाव के लिए गर्म टोपो का वितरण किया गया है। ताकि बच्चे ठंड के मौसम में बच सकें।

जीएसटी ग्रुप द्वारा हर वर्ष समाज सेवा के कार्य किए जाते है। उसी कड़ी मे यह कार्य किए जा रहे है। इस दौरान जीएसटी गुरप के सदस्यो ने बताया कि जो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई जा रही है जिसका फाइनल राउंड 24 दिसंबर को है उसमें जो पैसा ग्रुप पर आया था उसमें से जो राशि बची थी। उस राशि से शनिवार को शासकीय विद्यालय क्रमांक 2 अशोकनगर में बच्चों को ठंड से बचने के लिए टोपा वितरित किए गए। साथ ही पास की बस्ती में भी कुछ बच्चों को टोपा दिए गए। यह टोपा मिलने के बाद बच्चे खुश नजर आए सभी बच्चो को उनकी साइज के टोपा प्रदान किए गए। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को कहा गया है कि ठंड के दिनो मे वह स्कूल आते समय यह टोपा लगाकर जरूर आए। ज्ञात हो कि स्कूल मे कई गरीब परिवारो के ऐसे बच्चे होते है।जो टोपा पहनकर नहीं आते उस बजह से यह टोपा प्रदान किए गए हैं।

## विजय दिवस पर छात्र-छात्राओं ने घोष पथ संचलन निकाला

**1971 में 16 दिसंबर को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



हर वर्ष भारत में 16 दिसंबर का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। साल 1971 में आज ही के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और बांग्लादेश को आजादी मिली थी। इस ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को सलाम करने के लिए सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो पर एक भव्य घोष पथ संचलन निकल गया इस घोष पथ संचलन में कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

पथ संचलन का नेतृत्व प्रमोद शर्मा द्वारा किया गया। इस संचालन में कुमेर सिंह मालवीय, कमल सिंह चैहान, गजेंद्र सिंह अमोदिया, अभिषेक दुबे, संगीता श्रीकार, छाया शर्मा आदि भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जितेन्द्र कुमार पाठक ने संबोधित करते हुए सभी सैनिकों की शौर्य गाथा का वर्णन किया एवं सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## वयोवृद्ध समाज सेवियों का विधायक ने किया सम्मान



**सारंगपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्राश देश भर में निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सारंगपुर विधायक गोतम टेटवाल ने नगर के वयोवृद्ध समाज सेवी सज्जन सिंह श्रीमाल एवं पूर्व मीसाबदी मांगीलाल सोलंकी के निवास पर जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी निर्मल जैन पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विष्णु पाटीदार पूर्व जनपद अध्यक्ष उपेंद्र सिंह छावरी आशुतोष वैद्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ज्योति कॉन्वेंट में स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ

**ब्यावरा।** ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्घाटन रंगारंग समारोह के साथ हुआ। जिसमें अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी केएस भिलाला, संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डाबर , जिला खेल अधिकारी महेन्द्र परमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय ध्वज का ध्वजारोहण कर व मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं को चार ग्रुप रेड, येलो, ग्रीन व ब्लयू में विभाजित किया गया, चारों ग्रुप के चयनित प्रतिभागियों ने आकर्षक परेड स्कूल बैंड की धुन पर करी एवं अतिथिगण को सलामी दी। इसके बाद 50 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों के मध्य किया जाएगा। विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक फादर एंटोनी, प्राचार्य मि. अब्राहम सर, उप प्राचार्य सिस्टर रेजीमॉल, खेल प्रशिक्षक इन्दर नारायण श्रीवास, मयंक इचोरिया, विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सुंदरकाण्ड पाठ के साथ हुआ विधायक कार्यालय का शुभारंभ



**राजगढ़।** प्रशासन द्वारा पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर को आबंटित फ्लेट अब विधायक अमरसिंह यादव को एलॉट कर दिया गया है। इस आवास को यादव ने अपने कार्यालय के रूप में चुना है। कार्यालय में प्रवेश के पूर्व विधायक अमरसिंह यादव द्वारा शुक्रवार रात्रि यहां सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन कराया गया। सुंदरकाण्ड के आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बाद में सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा, पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, जनपद अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, जिला पंचायत सदस्य रमेश तंवर, साकेत शर्मा, दीपक नागर, परमानंद वर्मा, दारासिंह जाट, जगदीश दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ढाका विजय दिवस पर बच्चों ने निकाला पथ संचलन, छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



16 दिसंबर 1973 को पाकिस्तान से चले 13 दिन के युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना ने हार मानते हुए ढाका में आत्मसमर्पण कर दिया था। पाकिस्तान के करीब 90 हजार सैनिकों ने इस युद्ध में भारत के सामने आत्मसमर्पण किया था।

पाकिस्तान के खिलाफ इस ऐतिहासिक जीत एवं शहीदों की याद में हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में ढाका विजय दिवस पर नगर के सरस्वति विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों द्वारा घोष दल के साथ नगर में पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन डॉ. हेडगेवार कॉलोनी स्थित विद्यालय से आरंभ होकर जय स्तंभ चौराहे पर पहुंचा, जहां भारत माता का पूजन और आरती की गई। इस दौरान शाला की छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली भी बनाई गई। बच्चों द्वारा भारत माता के जयकारे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय की समिति के अध्यक्ष संदीप सोनी, व्यवस्थापक प्रवीण सिंह पंवार, प्राचार्य रवींद्र खाकरे सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पत्नी पर पति ने बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव, मामला दर्ज



**जीरापुर।** जीरापुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आशा पति दिलीप खटीक ने जीरापुर थाने में एक आवेदन देकर जबरन धर्म परिवर्तन की बात कही है। पत्नी ने पति पर आरोप लगाते हुए मुस्लिम धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने की बात कही है। पत्नी ने 8 वर्ष पहले हेमराज टेलर के कहने पर पति दिलीप खींची का मुस्लिम धर्म ग्रहण करना बताया है। वहीं पति दिलीप पत्नी पर मारपीट कर हिंदू देवी देवताओं की पूजा करने से मन करता है। वह घर से मूर्ति हटाने के लिए दबाव बनता है। पुलिस ने मामले को संवेदनशील मानते हुए विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### देश के विभिन्न शहरों से 1200 से अधिक युवक-युवतियां होंगे शामिल

# अखिल भारतीय मेड़तवाल वैश्य समाज का परिचय सम्मेलन 12 और 13 जनवरी को खैराबाद में आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/ रामगंजमंडी



मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज समिति, खैराबादधाम की ओर से अखिल भारतीय मेड़तवाल वैश्य समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 12-13 जनवरी को खैराबाद में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक के बाद समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोडिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री विष्णुप्रसाद करोडिया मंडावर ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति 14 जनवरी को मंदिर परिसर में बंसत पंचमी महोत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

परिचय सम्मेलन के साथ ही 12 जनवरी को खैराबाद में ही निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। परिचय सम्मेलन प्रभारी विष्णु प्रसाद करोडिया, इंदौर ने बताया कि इस विराट परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न शहरों-कस्बों के युवक-युवतियों में जबर्दस्त उत्साह है। परिचय सम्मेलन में 1200 से अधिक युवक-युवतियों के भाग लेने का अनुमान है। इस सामाजिक महासंगम को सफल बनाने के लिए खैराबाद में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

### दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, बैंगलुरू सहित विदेशों से भी भेजी ऑनलाइन प्रविष्टियां

अभा महिला मंडल की अध्यक्ष ममता गुप्ता ने बताया कि मेडतवाल वैश्य समाज के परिचय सम्मेलन में नईदिल्ली, नोएडा, पुणे, मुंबई, गुरूग्राम, बैंगलुरू, सूरत, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर जैसे बडे शहरों सहित विदेशों में जॉब कर रहे युवक-युवति बड़ी संख्या में अपनी प्रविष्टियां ऑनलाइन भेज रहे हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा परिचय स्मारिका मधुर मिलन का विमोचन किया जाएगा।

### तैयारियों के लिए समितियां गठित

मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता भगत, पचोर ने बताया कि निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं परिचय सम्मेलन के लिए केंद्रीय कार्यकारिणी ने विभिन्न समितियों का गठन किया है। जिसमें अर्थ संग्रह समिति, मंदिर व्यवस्था, भोजन प्रसादी, परिचय स्मारिका व मंच व्यवस्था समिति, प्रशासनिक समिति के अतिरिक्त आवास, टेंट, पूछताछ, बिजली, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग आदि समितियों में अभा नवयुवक संघ की टीमें सहयोग करेंगी।

### कुरावर की साक्षी राठौर ने किया राजगढ़ जिले का नाम रोशन



**कुरावर।** होली एंजेल्स किड्स एकेडमी स्कूल की छात्रा साक्षी पिता दिनेश राठौर ने 67वीं मप्र स्टेट्स स्कूल गेम्स में 400 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य अलबीना टोपो, संकुल खेल अधिकारी पीएस तोमर, स्कूल प्राचार्य जेस्टिन के जोसफ, स्कूल पीटीआई रोनी सन्नी ने साक्षी को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी और इसी तरह खेल जगत में अपना नाम निरंतर आगे रखने के लिए अग्रसर किया।

## ईश्वर का भजन मानव जीवन का सारः महात्मा अंबालिका

### ग्राम कचनार में दो दिवसीय रामकथा ज्ञान यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ग्राम कचनार में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सत्संग समारोह के प्रथम दिवस पर हरिद्वार से पधारी परमपूज्य सदगुरुदेव सतपाल महाराज की शिष्या महात्मा अंबालिका वाई जी ने विचार रखते हुए कहां भगवान राम कहते है भक्ति का प्रथम आधार संतो का संग है। संतो के मिलने से सत्संग की प्राप्ति होती है तभी विवेक जागृत होता है। मानव जीवन ईश्वर की प्राप्ति के लिए मिला है और ईश्वर का भजन ही मानव जीवन का सार है जो जीवन में यहां सुख शांति आनंद और परलोक में साथ जाने वाला है।

**खबर संक्षेप**

## गतिविधियों के लिए 25 तक आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** शासन द्वारा मत्स्यपालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना संचालित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए 25 दिसंबर तक आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मछली पालन का काम करने वाले लोगों को शासन की ओर से योजना लागत व्यय का 40 एवं 60 फीसदी तक अनुदान दिया जाएगा। मत्स्योद्योग के सहायक संचालक प्रियंक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण, मत्स्यबीज उत्पादन हेचरी, मत्स्यबीज प्रक्षेत्र, बायोफ्लॉक पोण्ड निर्माण, फिशफीड मिल, मत्स्य कियोस्क निर्माण, आईसप्लांट निर्माण, केज, रेफ्रिजिरेटिव व्हीकल, मोटर साईकिल/ऑटोरिक्शा के लिए अनुदान की पात्रता है। इसके लिए आवेदक 25 दिसंबर तक आवेदन मत्स्य विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जिले के मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े कृषकों, युवा उद्यमियों और महिला वर्ग के हितग्राहियों को अनुदान दिया जाता है।

### नगर में 95 फीसदी मांस विक्रेताओं के पास नहीं है लाइसेंस

# 45 मांस विक्रेताओं ने सीएमओ के साथ की बैठक, लाइसेंस बनवाने किया आवेदन

कार्रवाई का सता रहा डर, नगर में संचालित हो रही मात्र आधा दर्जन मांस विक्रेताओं के पास ही है लायसेंस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में 95 फीसदी मांस की दुकानें बिना लायसेंस के संचालित हो रही है। बावजूद इसके खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम बिना लायसेंस के कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करने नहीं पहुंची है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना ने नगर में बिना लायसेंस मीट व्यवसाय करने पर कार्यवाही करने की मुनादी कराने के साथ ही इस व्यवसाय से जुड़े 45 दुकानदारों ने तत्काल नगरपालिका पहुंचकर श्री श्रीवास्तव से भेंट कर लायसेंस बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने समझाइस देकर अपनी खाना पूर्ति कर सोमवार 18 दिसंबर को लायसेंस बनवाने की बात कही।

बता दें कि नगर में अनेक स्थानों पर मीट की दुकान संचालित होती है और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री श्रीवास्तव के अनुसार नगर पालिका से सिर्फ 6 लायसेंस बने हैं तथा कुछ ने खाद्य विभाग से लायसेंस बनवाए हैं ,वह भी गिनती के हैं। लेकिन समय के साथ साथ मांस विक्रेताओं की संख्या बढ़ना शुरु हो गई, जिसके चलते यह विक्रेता पिछले



कुछ वर्षों से मीट मार्केट से बाहर निकलकर सड़क पर खुले में मांस का विक्रय कर रहे हैं। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव के निर्देश के बाद भी आष्टा नगर में मांस का खुले में विक्रय चल रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शनिवार को आष्टा नगर पालिका ने नगर में मुनादी कराई, जिसमें बताया गया कि बिना लायसेंस के मांस की दुकानें नहीं चलेगी। साथ ही खुले में मांस एवं अंडों का विक्रय किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन नगर पालिका की मुनादी के बाद भी दिनभर मांस की बिक्री चलती रही। ऐसे में नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारियों ने जहां सरकार के नए नियमों के बारे में मांस विक्रेताओं को अवगत कराया।

# गैस एजेंसियों पर ई-केवायसी कराने लग रही भीड़

**30 दिसंबर तक होगी ई-केवाईसी**



**आष्टा।** गैस एजेंसी पर ई- केवाईसी के लिए महिलाओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अगर आप चाहते है कि शासन की योजना अंतर्गत आपको सस्ता घरेलू गैस सिलेंडर मिले, तो अब सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलनी बंद हो सकती है। विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा और कांग्रेस ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने के वायदा किया था। इसके चलते ऑयल कंपनियों ने मतगणना के नतीजे आने से पहले ही चुनावी सिलेंडर बांटने के लिए तैयारियां शुरू करते हुए ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है।

### उज्ज्वला योजना के हैं 10 हजार गैस कनेक्शन

आष्टा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 हजार गैस कनेक्शन हैं। ऐसे में गैस कनेक्शनधारियों को एजेंसी आकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। गैस एजेंसियों पर फिलहाल निःशुल्क व्यवस्था है, स्थिति यह है कि लोग दिलचस्पी दिखा रहे हैं।शहर में घरेलू गैस सिलेंडर वर्तमान में 950 रुपए में उपलब्ध है। इसमें केंद्र सरकार से डीबीटीएल के जरिए मात्र 24 रुपये की सब्सिडी मिल रही है। यह भी किसी उपभोक्ता के खातों में आ रही है तो किसी में नहीं। मतलब आम उपभोक्ता को एक सिलेंडर के लिए करीब 950 रुपए ही देना पड़ रहे हैं ।लेकिन अब यही गैस सिलेंडर 500 रुपए तक में मिलने वाला है। क्योंकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही शीर्ष पार्टियों ने इसके लिए घोषणा की थी। ऐसे में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही आम आदमी को गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलना तय है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने इसके लिए अपने स्तर से प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एजेंसियों पर उपभोक्ता इसकी प्रक्रिया को पूरी करवा रहे है। जिसके लिए महिलाओं की काफी भीड़ गैस एजेंसियों पर नित्य देखी जा रही है।

ई-केवाईसी नहीं तो सब्सिडी से वंचित होना पड़ेगा जिले में संचालित इंडेन, एचपी और भारत गैस की एजेंसियों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर हर गैस कनेक्शनधारी से 30 दिसंबर तक पूरा करने कहा गया है। फर्जी कनेक्शन बंद करने और सब्सिडी लीकेज कम करने के लिए ई-केवाईसी को जरूरी किया गया है। इसके लिए सभी गैस एजेंसियों को आदेश जारी करने के बाद अब ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने उपभोक्ता को भी इसकी सूचना देनी शुरू कर दी है।

### बायोमेट्रिक के माध्यम से ईकेवाईसी अनिवार्य

गैस एजेंसी संचालकों की माने तो सभी घरेलू गैस उपभोक्ता जो सब्सिडी प्राप्त कर रहे हैं, उनको गैस एजेंसी पर आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ आकर बायोमैट्रिक के माध्यम से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी से वंचित होना पड़ेगा। लाड़लियों से आवेदन लेते समय भी आई थी समस्या चुनाव के पहले भाजपा ने लाड़ली बहनाओं को सस्ता सिलेंडर देने के लिए आवेदन बुलवाए थे। आचार संहिता के पहले तक काफी आवेदन आए थे। इसमें कुछ आवेदन में नाम मिस मैच होने की समस्या सामने आई थी, तो अनेक की एलपीजी आईडी नहीं थी। ऐसे में अब सभी के लिए ई-केवायसी को अनिवार्य किया गया है। जिसमें सभी उपभोक्ताओं को कवर करने के लिए काफी समय भी लगना है।

## आस्था और उत्साह के साथ किया गया श्रीराम-माता जानकी विवाह, बारात का किया स्वागत

**सीहोर।** रविवार को शहर के कस्बा स्थित श्रीराम मंदिर राठौर समाज धर्मशाला में विवाह पंचमी के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और सीता का विवाह उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ श्रद्धालुओं द्वारा मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता का पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पूरे कस्बा क्षेत्र में श्री राम भगवान की बारात निकाली गई और इस बारात में सैकड़ों की संख्या में भजन कीर्तन ढोलक की थाप पर नाचते गाते हुए पूरे क्षेत्र में बारात निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# जन्म हुआ है, तो मौत भी निश्चित है, इसलिए हमेशा मस्ती से जीवन का आनंद लें: पंडित मिट्ठूपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हमेशा याद रखना कि ,जब हमारा जन्म हुआ है। तो निश्चित ही एक दिन हमें मरना भी है। इसलिए हमेशा मस्ती से जीवन का आनंद लेना। वर्तमान में जीना यही जीवन का असली आनंद है। आया है सो जाएगा राजा रंग फकीर। एक सिंहासन चढ़ चला, और एक बांध जंजीर। उक्त प्रेरक विचार श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा खंडेलवाल ग्राउंड पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान राम कथा के मर्मज्ञ विद्वान संत श्री मिट्ठू पुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए।

आगे महाराज श्री द्वारा राम नाम और सत्संग के महत्व पर बड़े ही भावपूर्ण ढंग से वर्णन किया। राम के



जैसा नाम नहीं, राम के जैसा राज नहीं, और राम के जैसा बाण नहीं, राम जी ने तो अपने जीवन में केवल एक तपस्वी गौतम ऋषि की पत्नी माता अहिल्या का उद्धार किया। पर राम के नाम से तो करोड़ों करोड़ों मनुष्यों का उद्धार हो गया। राम एक तापस तीय तारी।नाम कोटी खल कुमति सुधारी। इसलिए कलयुग में रामनाम का विशेष महत्व है। यही कली कर्म ना भगति विवेकु। राम नाम अवलंबन एकु।और इस धरा धाम पर राम जी के अवतार के अनेक कथाएं हैं। जिसमें भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय की कथा, राजा प्रताप भानु की कथा, मनु शतरूपा को वरदान सहित सभी कथाओं को बड़े ही विस्तार से सुनाया । राम जन्म कर हेतु अनेका। परम विचित्र एक ते एका। इसके अलावा भी राम कथा के अनेक गुढ विषयों को महाराज श्री द्वारा स्पर्श किया गया ।कथा के मध्य राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बांसुरी वादक रघुवीर सिंह ठाकुर के द्वारा गाए हुए मधुर भजनों पर सभी हरि भक्तों द्वारा भाव विभोर होकर झूम-झूम कर नृत्य किया। कथा में पधारे वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता जी का समिति द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया।

प्रसाद बहादुर सिंह ठाकुर बापचा दौनिया की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित हरिशंकर शर्मा कथावाचक अर्जुन ककरिया खेड़ी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता, रघुवीर सिंह महतवाडा,राजेंद्र सिंह बेदखेड़ी, प्रदीप सिंह शोभा खेड़ी ,हेमंत राठौड़, विक्रम सिंह सेक्रेटरी रमेश चौरसिया ,नारायण सिंह हरनावदा तेज सिंह राठौड़ भगवत सिंह मेवाडा, जीवन सिंह अध्यापक, सवाई सिंह दोनिया, अमन बैरागी, मानकुंवर मेवाड़ा, राजू राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भक्तगण पधारे और कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया।

# नसबंदी शिविर में 71 ने कराए ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल एवं जावर के सामुदायिक अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन कराने में पुरुषों की रुचि नहीं है दूसरी तरफ सिविल अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा गण स्वयं नसबंदी ऑपरेशन नित्य करने की बात कहते हैं लेकिन बाहर से बुलाकर नसबंदी शिविर आयोजित किया जा रहा है यह कहां तक ठीक है अभी तक 953 नसबंदी ऑपरेशन में मात्र 19 पुरुषों ने नसबंदी कराई है वहीं आष्टा एवं जावर में हाल ही में संपन्न नसबंदी शिविर में 71 महिलाओं ने नसबंदी ऑपरेशन कराए हैं।

पुरुषों में नसबंदी कराने को लेकर अब भी भ्रांति बनी हुई है। खुद तो इसके लिए आगे आते नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की टीम समझाने पहुंचे, तो उन्हें भी गलत जवाब दे देते हैं। टीम में शामिल पुरुष कर्मचारियों को तो यहां तक सुना देते हैं कि आप स्वयं अपनी नसबंदी करा लो। वहीं डॉक्टरों भूपेंद्र परमार की मानें, तो हकीकत में नसबंदी के कोई भी साइड इफेक्ट नहीं हैं, लेकिन मर्दानगी खत्म होने समेत अन्य भ्रांतियों के कारण लोग सहज तैयार नहीं होते।

परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुरुष नसबंदी के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हाल ही में 21 नवंबर से पूरे प्रदेश में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू किया गया था, जो कि 4 दिसंबर तक चला। इस दौरान लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर उनके मन की भ्रांतियों को दूर कर नसबंदी के लिए तैयार करना था, लेकिन पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोई खास परिणाम स्वास्थ्य विभाग के हाथ नहीं लगे हैं। महिला और पुरूषों को जागरूक कर रहे है। आष्टा में तो इस पूरे वित्तीय वर्ष में अब तक मात्र 19 व्यक्तियों ही नसबंदी कराने के लिए राजी हुए।

# नपा ने नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत अंतर्गत नगर पालिका परिषद आष्टा के न. पा. अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेशानुसार और एवी एस कंसल्टेंसी टीम के द्वारा नगर में स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान चलाया जा रहा है।

स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान के द्वारा नगर के रहवासियों को जागरूक किया गया तथा उन्हें समझाया गया कि आप अपने निकाय के सार्वजानिक शोचालय का उपयोग करे। हमारे आसपास किसी भी प्रकार के यलो और रेड प्रकार की गन्दगी नही करना है। हम सभी को मिलकर हमारे नगर को साफ़ और स्वच्छ बनाना है। तथा




**आष्टा।** नपा अमले ने चलाया जागरूकता अभियान।

जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय जनपद पंचायत के पास, एवं कन्नौद रोड मंडी गेट के पास, मुक्तिधाम के सामने वाले सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई करवाई गई। जन जागरूकता अभियान में से भागीदारी में रहे उपस्थित। नपा के एस आई विनोद सांगते, ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना, जमादार मनोज, रवि, राजू, अंकित, मखमल, रेहान पठान शिवलाल यादव, जितेंद्र मेवाड़ा, राकेश मेवाड़ा, भूपेंद्र, शिव कुमार, देवबगस रैकवाल, नंदलाल झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# धन तो बढ़ रहा है, लेकिन शांति भी घट रही: अभय मुनि महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हम सभी को शांति चाहिए।आज धन बढ़ रहा है लेकिन शांति घट रही है। धर्म जो दे सकता है वह कोई नहीं। सभी रोगों की दवाई मिल सकती है ,लेकिन शांति की दवाई नहीं मिलती है।

भगवान कह रहे हैं अनंतकाल से साधना-आराधना कर रहे हैं।हर निमित्त को उपकार मानो। भगवान महावीर स्वामी पर उपसर्ग आया ,उन्होंने अपने कर्म को माना। निमित्त को दोष नहीं दिया।आज लोग निमित्त को दोष देते हैं। जैन धर्म कर्तव्य सिखाता है।रग -रग में क्षमा और मैत्री भाव रखना चाहिए। किसी के भी प्रति अशुभ भाव नहीं रखें। कैंसर का इलाज किमो से करते हैं,शरीर को असाता होती है।आप लोगों को शरीर से मोह है, जिनवाणी से मोह करें और यह भाव रखें कि निरोगी रहकर नित्य जिनवाणी श्रवण करु।

उक्त बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनि जी ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि तपस्या पुण्य बढ़ा सकती है। महापुरुष कहते हैं क्रोध को क्षमा में बदल दो।बैर कभी नहीं बढ़ाए, घटाएं। कषाय बढ़ेगी तो शांति नहीं मिलती। क्षमा और सहनशीलता है तो उस व्यक्ति के जीवन में शांति रहेगी।अभय मुनि जी ने कहा दानवीर दीपचंद गार्डी ने उप राष्ट्रपति का पद अस्वीकार कर दिया था। अपनी साधना -आराधना के लिए। प्रोटोकॉल का पालन करने में उनकी साधना- आराधना छूट जाती। ऐसे दानवीर ने पद को त्यागना स्वीकार किया, लेकिन अपनी धर्म -आराधना नहीं छोड़ी। बच्चों को स्वाध्याय कराएं,साथ ही उन्हें सरल और गुस्सा नहीं करें, ऐसा स्वभाव बनाएं।

गिरीश मुनि जी ने कहा गर्म होने से कीमत घटती है। क्रोध को नियंत्रित करें। क्रोध सांप के समान है। जिनवाणी श्रवण कर आत्मा का सुधार और अपना कल्याण करें।कांच नहीं हीरा बने। गुस्सा नहीं करना है,यह ध्यान रखें। क्रोध बुद्धि को बाहर कर देता है। चिड़िया चुग गई खेत फिर पश्चाताप से कोई फायदा नहीं। इसलिए समय रहते धर्म ध्यान कर अपना मनुष्य जीवन सार्थक करें।

### पाठशाला के बच्चों को सिद्धक्षेत्र वेजयन्तिगिरी की करवाई वंदना

# दिगम्बर जैन मंदिर में पाठशाला का हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद और परम पूज्य मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज की प्रेरणा से दिगम्बर जैन समाज आष्टा द्वारा नगर के समस्त दिगम्बर जैन मन्दिर और पाठशाला भवन में पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमे समाज की शिक्षिका बहनों द्वारा प्रतिदिन बच्चो को जिन संस्कृति एवं शास्त्रों का पठन पाठन करवा कर संस्कारो का बीजारोपण किया जाता है, नगर में संचालित उक्त पाठशाला भारत वर्षीय श्रमण संस्कृति शिक्षण संस्थान सांगानेर जयपुर राज. से रजिस्टर्ड की गई है। उन्ही के दिशा निर्देशो व पाठ्यक्रम से पाठशाला का संचालन किया जाता है। पाठशाला के शीतकालीन सत्र के अंतर्गत रविवार को पाठशाला के बच्चों को सिद्धक्षेत्र विजयन्तिगिरी के दर्शन वंदना करवाई गई जहां पर विराजित पूज्य मुनि श्री मार्दव सागर जी महाराज के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया,ओर सिद्धक्षेत्र के विषय मे जानकारी दी गई,साथ ही मनोरंजन खेल कूद,एवं विभिन्न धार्मिक एक्टिविटी करवाई गई। इस अवसर पर पाठशाला के सेकड़ो की संख्या में बच्चों के साथ सञ्चालक मंडल के प्रदीप श्रीमोड,



संतोष जैन जादूगर, प्रकाश जैन, मनोज जैन, हेमन्त जैन, शरद जैन पोरवाल, हिमानी जैन ज्योति जैन, कविता जैन, श्वेता जैन, मनीषा जैन, रक्षा जैन, बुलबुल जैन, ज्योति जैन, सोनिका जैन, अभिलाषा जैन आदि शिक्षिका बहने उपस्थित रहे।

# युवा व्यवसायी राष्ट्रीय अभिनव प्रोद्योगिकी कार्यक्रम बेंगलुरु में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हमें बनी बनाई लीक से अच्छे और अलग रास्ते पर चल कर विश्व पटल पर नवीन और सार्थक मुकाम बनाना है। हमारे सभी वाहन पेट्रोल और डीजल जैसे आयातित ईंधन से अलग हट कर नवीन ऊर्जा स्त्रोतों से चलायमान हो ताकि हमारी विदेशी मुद्रा से निर्भरता समाप्त हो, देश में प्रदूषण न उत्पन्न हो। इस आशय के प्रेरक विचार केंद्रीय सड़क परिवहन एवम राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेंगलुरु में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम हाइड्रोजन दहन इंजन द्वारा संचालित जे सी बी बेक लोडर के अनावरण कर आगे कहा कि देश में नवीनतम लाभप्रद नवाचार आज विश्व में सराहे जा रहे है। इस कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर जुना पीठाधीश्वर




स्वामी अवधेशानंद के आशीष से आष्टा के प्रभु प्रेमी संघ से युवा व्यवसायी अर्थ मूविंग जे सी बी वर्ग में पंच दिवसीय आयोजन में सम्मिलित हुऐ। युवा व्यवसायी इंजीनियर शुभम शर्मा ने इस अभिनव आयोजन को भारत सरकार एवम कर्नाटक सरकार का सार्थक कदम बताते हुऐ कहा की भारत में निर्मित हो रहे अर्थ मूविंग उपकरण आज इंटरनेशनल मार्केट में तेजी से अपना स्थान व्यापक करते जा रहे है अब भारत का एक्सपोर्ट और बड़ेगा। शुभम शर्मा को प्रभु प्रेमी संघ आष्टा के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महासचिव प्रदीप प्रगति, संरक्षक गण मोहन सिंह अजनोदिया, रामेश्वर खंडेलवाल, केमिस्ट संघ के पूर्व अध्यक्ष अजीत कुमार जैन, कपड़ा रेडीमेड संघ के अध्यक्ष आलोक आर्य, पूर्व पार्षद गण शैलेश राठौर, सुभाष नामदेव, नरेंद्र कुशवाह, बाबूलाल मालवीय, अनिल धनगर, टैक्स एडवोकेट अभिषेक सुराणा, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने बधाई दी है।